CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-17-2026 22:45 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 18 फरवरी 2026 > माघ 29 शक 1947 फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 42 > पेज 24> मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



चेक बाउंस केस पर भड़की अमीषा पटेल ▸p21

# NBT नवभारत टाइम्स

T20 वर्ल्ड कप में युवराज सामरा का रेकॉर्ड शतक ▸p20



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 1800120004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।






खबरों के अंदर की बात

**NBT Lens**

देखें पेज 4, 13, 15 और 20

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,450.96 (+173.81) |
| निफ्टी | 25,725.40 (+42.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.77 (+0.06) |
| रु/यूरो | 107.52 (-0.12) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,57,000 (-2,200) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,45,000 (-5,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 30.9°

12.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय बुधवार 6:13 | सूर्यास्त बुधवार 6:56

दिल्ली में आज तेज हवाओं के साथ ही बूंदाबांदी के आसार हैं।

# आतंक के खिलाफ भारत-फ्रांस साथ

## पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों मुंबई में मिले | फ्रांस के सहयोग से भारत में मिसाइल-हेलिकॉप्टर बनेंगे | पीएम ने भारत और फ्रांस के संबंध को स्पेशल बताया

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पीएम नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को मुंबई में मिले। मुलाकात में रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि चाहे यूक्रेन हो, पश्चिम एशिया या इंडो-पैसेफिक हम हर क्षेत्र में शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाना हमारी साझी प्रतिबद्धता है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत और फ्रांस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की बात करते हुए राफेल फाइटर जेट का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मुझे राफेल फाइटर जेट और सबमरीन का जिक्र करना चाहिए, साथ ही उन नए प्रोजेक्ट्स का भी जो साथ मिलकर शुरू कर रहे हैं।' मोदी और मैक्रों ने रिमोटली H-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत की। यह कर्नाटक में है। दोनों पक्षों ने सहयोग के 21 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम ने भारत-फ्रांस के संबंध को स्पेशल बताया। साथ ही कहा कि फ्रांस, भारत के सबसे पुराने स्ट्रैटजिक पार्टनर में से एक है। ▸▸ पेज 22

**फ्रांस सबसे पुराने स्ट्रैटजिक पार्टनर में से एक: PM**

भारत-फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने वाला हेलिकॉप्टर भारत में बनाएंगे। -नरेन्द्र मोदी

राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक, हम रक्षा सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। -मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों (बाएं) और पीएम मोदी की मुलाकात में रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### मैक्रों के दौरे से क्या-क्या निकला

1. कर्नाटक में H-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई। H-125 इतिहास का एकमात्र हेलिकॉप्टर है, जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है।
2. रक्षा सहयोग में भारत और फ्रांस के बीच समझौता और आगे बढ़ गया है।
3. फ्रांस की सफ्रान (Safran) और भारत की भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) मिलकर भारत में ही हैमर (HAMMER) मिसाइल बनाएंगे। यह एक आधुनिक, सटीकता से वार करने वाली एयर टु ग्राउंड मिसाइल है।
4. भारतीय सेना और फ्रांस की लैंड फोर्स के अधिकारियों की एक-दूसरे के यहां भी तैनाती की जाएगी।

### मुंबई में जॉगिंग करते दिखे मैक्रों...

Social Media



मुंबई पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों मंगलवार को मरीन ड्राइव पर जॉगिंग करते दिखाई दिए। उन्हें तेजी से दौड़ते हुए देखकर लोग चौंक गए। नेवी ब्लू रंग की टी-शर्ट, काले शॉर्ट्स और रंगीन शूज पहने हुए वे सुबह की भीड़ में घुल-मिल गए थे। सुरक्षाकर्मी उनके पीछे चल रहे थे। पिछले साल दिसंबर में भी मैक्रों अपनी चीन यात्रा के दौरान जॉगिंग करते दिखे थे। (पीटीआई)

### पाकिस्तान में दो बम धमाके, 17 लोगों की मौत

■ **एएफपी, पेशावर:** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो बम धमाकों और पुलिस-आतंकियों की मुठभेड़ में 14 सुरक्षाकर्मी और तीन नागरिकों की मौत हो गई। कई घायल हैं। सेना के अनुसार, बाजौर जिले में आतंकियों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी चेकपोस्ट की दीवार से टकरा दी, जिससे आसपास के घरों को भारी नुकसान पहुंचा। सेना ने इसे आतंकी हमला बताया। 12 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है।

भारतीय दिग्गज भी

### इमरान के लिए 14 पूर्व कप्तान एकजुट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से जेल में बंद इमरान खान को उचित डॉक्टरी और सम्मानजनक सुविधाएं देने की अपील की है। उनके बिगड़ते स्वास्थ्य और दृष्टि में गंभीर गिरावट पर चिंता जताई। पत्र में कहा गया कि इमरान खान जैसे वैश्विक खेल आइकन के साथ मानवीय आधार पर व्यवहार किया जाना चाहिए।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: sachin.saini@timesofindia.com Time: 02-17-2026 21:01 Color:



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in